RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 18 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 245 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

## कल्याण-डोंबिवली में आवारा कुत्तों के हमले



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र में शीतकालीन सत्र के बीच बड़ी हलचल...

### सड़क के दोनों ओर दो पहिया... चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं



**नागपुरः** महाराष्ट्र में 15 दिसंबर को मंत्रियों के शपथ ग्रहण समरोह के बाद 16 दिसंबर से महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र नागपुर में शुरू हो गया है। इसके लिए सभी पार्टियों के विधायक व नेता नागपुर पहुंचे है। इसी बीच मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की।

इस दौरान उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे व अन्य शिवसेना (यूबीटी) के नेता मौजूद रहे। शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि ''आज हमारे पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मुलाकात की। यह एक कदम आगे है। महाराष्ट्र सरकार के लिए काम करते समय, दोनों सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष को देश और राज्य के हित के लिए एक साथ काम करने के लिए राजनीतिक परिपक्वता दिखानी चाहिए।''

# अजित पवार नॉट रिचेबल!

**कैबिनेट विस्तार के बाद महायुति सरकार में शुरू हुई महाखटपट**



**मुंबईः** भारतीय जनता पार्टी, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के गठबंधन वाली महायुति सरकार के दूसरे कार्यकाल में विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। विधानसभा चुनाव 2024 में रिकॉर्ड 230 सीटें जीतने के बाद भी पहले मुख्यमंत्री पद को लेकर लगभग 12 दिनों तक महायुति में विवाद चला, बाद में गृह मंत्रालय को लेकर मतभेद देखने को मिले। 12 दिन बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का शपथ ग्रहण और 22 दिन बाद मंत्रिमंडल विस्तार हुआ तो अब विभागों के बंटवारे को लेकर महायुति में 'महाभारत' की खबरें सामने आ रही हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में नवगठित महायुति सरकार के नागपुर में हो रहे पहले अधिवेशन यानी शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नॉट रिचेबल होने की खबरों के कारण महायुति में 'महाखटपट' के संकेत मिले। शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर रविवार को हुए महायुति सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान सुधीर मुनगंटीवार, छगन भुजबल और तानाजी सावंत सहित लगभग दर्जन भर दिग्गजों का टिकट कटने से महायुति में नाराजगी की खबरें मंगलवार को भी सुर्खियों में रही। लेकिन इस दौरान डिप्टी सीएम अजित पवार ने नॉट रिचेबल होकर सभी को सकते में डाल दिया।

बताया जा रहा है कि 24 घंटे से अधिक समय तक अजित पवार से किसी का संपर्क नहीं हो सका था। वह सोमवार को शीतकालीन सत्र के पहले दिन भी सदन में नजर नहीं आए थे। उनके बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से विभागों के बंटवारे की चर्चा के संदर्भ में दिल्ली जाने की चर्चा नागपुर में जोरों पर चलती रही।

**अजित पवार के विधायकों का दावा**

अजित पवार की एनसीपी के विधायक अमोल मिटकरी ने कहा कि मैं पिछले 2 दिनों से उपमुख्यमंत्री से मिलने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी है। इसी तरह विधायक अनिल पाटिल ने कहा कि मैं अजित पवार से मिलने गया था, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। मौजूदा समय में नाराजगी, विभागों का बंटवारा, प्रतोद का चयन आदि सब चल रहा है।

## मुंबईः बच्चों को स्कूल ले जा रहे बस ड्राइवर और कंडक्टर नशे में पाए गए



**मुंबईः** पुलिस ने बताया कि 50 बच्चों को स्कूल ट्रिप पर ले जा रही एक बस के ड्राइवर और कंडक्टर को मंगलवार को पश्चिमी उपनगर में शराब के नशे में पाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस सुबह अंधेरी में अचानक जांच कर रही थी और साकी नाका स्थित एक स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को लेकर गोराई जा रही एक बस को रोका। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक कर्मियों ने देखा कि बस खतरनाक तरीके से चलाई जा रही थी और ड्राइवर से पूछताछ करने पर पता चला कि वह और कंडक्टर दोनों नशे में थे। अधिकारी ने बताया कि स्कूल ने ट्रिप के लिए बस को किराए पर लिया था। उन्होंने बताया कि बस ड्राइवर और कंडक्टर को आगे की कार्वाई के लिए अंधेरी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

# मराठा आरक्षण की मांग को लेकर 25 जनवरी से शुरू करेंगे अनिश्चितकालीन अनशन - मनोज जरांगे

**जालनाः** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने एक बार फिर से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करने का ऐलान कर दिया है। एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि मंगलवार को तारीख का ऐलान करेंगे। आज जरांगे ने इसका ऐलान कर दिया है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को घोषणा की कि अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के तहत नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण सहित मराठा समुदाय की मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए वह 25 जनवरी 2025 को अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे।

मनोज जरांगे ने जालना के अंतरवाली सराटी गांव में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मराठा समुदाय के लोगों से बड़ी संख्या में विरोध स्थल पर एकत्र होने की अपील की। जरांगे ने कहा कि ''किसी को भी घर पर नहीं रहना चाहिए। अंतरवाली सराटी में आकर अपनी सामूहिक ताकत दिखाएं।'' गौरतलब है कि मनोज जरांगे उस मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग कर रहे हैं, जो कुनबियों को मराठों के 'सगे सोयारे' (जन्म



या विवाह से संबंधित) के रूप में मान्यता देता है और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण प्रदान करता है। कृषि प्रधान कुनबी समुदाय को पहले से ही ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ मिलता है। मनोज जरांगे ने सरकार पर अपने वादे पूरे करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि ''सरकार ने हमें धोखा दिया है। अगर वे चालू शीतकालीन सत्र के दौरान हमारी मांगें पूरी नहीं करते हैं तो हम उन्हें नहीं बख्शेंगे।'' जरांगे गत एक साल में इस मुद्दे पर अनशन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह अनशन स्वैच्छिक होगा और मराठा समुदाय का कोई भी सदस्य इसमें हिस्सा ले सकता है।

मनोज जरांगे स्पष्ट किया कि जो कोई भी इसमें शामिल होना चाहता है, उसका स्वागत है। किसी पर कोई दबाव या बाध्यता नहीं होगी। जरांगे 'सगे सोयरे' अधिसूचना को क्रियान्वित करने के अलावा महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संदीप शिंदे समिति के काम में भी तेजी लाने की मांग कर रहे हैं जिसे मराठा समुदाय के सदस्यों को कुनबी प्रमाणपत्र देने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए गठित किया गया है ताकि उन्हें आरक्षण के लिए पात्र बनाया जा सके।

राज्य विधानसभा ने इस साल फरवरी में सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया था, जिसमें शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को एक अलग श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। हालांकि, जरांगे मराठा समुदाय को ओबीसी के तहत आरक्षण देने पर जोर दे रहे हैं।

## ठाणे में दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे आपराधिक मामले...

### एक ही दिन में अपहरण सहित महिलाओं से छेड़छाड़ के मामला दर्ज




**ठाणेः** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में दिन-प्रतिदिन अपराध के मामले बढ़ते ही जा रहे है। हाल ही में महिलाओं से छेड़छाड़ और अपहरण के मामले बढ़ती पर है। इस पर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया है और इसे कम और खत्म करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। पुलिस ने ये जानकारी दी है कि हाल ही में महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक अज्ञात व्यक्ति ने चार साल के बच्चे का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। उसने बताया कि घटना रविवार शाम को कल्याण फाटा इलाके में हुई। शिल-डायघर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बच्चे का कथित तौर पर उसके घर के पास से अपहरण किया गया था। उनके अनुसार उसके परिवार ने उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। उन्होंने बताया कि परिवार ने सोमवार को पुलिस से संपर्क किया, जिसके बाद अज्ञात अपराधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) (अपहरण) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि बच्चे का पता लगाने के लिए प्रयास जारी हैं।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## सरकारी स्कूलों में दीमक

प्राइमरी शिक्षा ही अगर अपना बदन निजी स्कूलों में छुपाने लगे तो विभाग को अपना माथा ठोंक लेना चाहिए। एक पूरी सरकारी पद्धति, शिक्षाविदों के कारनामों, पदों की नुमाइश और योजनाओं के लबादे उन आंकड़ों में मुंह छिपा रहे हैं जहां मात्र 2607 निजी स्कूल पचास फीसदी से अधिक छात्रों का प्रवेश करा रहे हैं। सरकारी प्राइमरी स्कूलों की संख्या दस हजार से भी ऊपर है। ऐसे में शिक्षा के मानदंड कैसे तय होंगे और यह भी कि शिक्षा की मद में हो रहा व्यय आखिर व्यर्थ क्यों होने लगा। अभिभावकों की दृष्टि में पहली पसंद अगर निजी स्कूल बन रहे हैं, तो यह सार्वजनिक व्यय से खड़े किए गए शिक्षण संस्थानों की वास्तविक स्थिति है, जहां पूरी व्यवस्था चौपट हो रही है। यह अंतर या गिरावट एक साल की नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे दीमक चाट रही है। हिमाचल के नागरिक समाज का भरोसा सरकारी क्षेत्र से घट रहा है। इसे केवल शिक्षा-चिकित्सा ही नहीं, बल्कि परिवहन, पर्यटन और अन्य सेवाओं में देखा जा सकता है। इस हालत के लिए अगर हमारा राजनीतिक ढांचा दोषी है, तो सामाजिक अपेक्षाएं भी कम दोषी नहीं। हमारी शिक्षा ने युवाओं को उपलब्ध रोजगार से इतना दूर कर दिया कि ग्रामीण व कृषि-बागबानी आर्थिकी पूरी तरह डूब गई। रोजगार का हुनर गुम हो गया, नतीजतन अगर हिमाचल में सिड्डू का व्यापार भी बाहरी लोग कर रहे हैं, तो वहां शिक्षा के दस्तूर को समझा जा सकता है। हमारा युवा बीबीएन के विस्तार में आखिर है कहां। उसने तो नगरोटा या घुमारवीं कालेज से ऐसे विषय में स्नातकोत्तर डिग्री धारण की है, जो उसे न तो रोजगार के बाजार और न ही अपने पांवों पर खड़ा कर सकती है। हिमाचल में शिक्षा के अर्थ और आदर्श जिस खेत को जोत रहे थे, वे बंजर हो चुके हैं। पहले ही रोजगार कार्यालयों का औचित्य डूब चुका है और कलंकित पद्धति में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का आत्मबल लुट चुका है।

हमारी सरकारों से यही अपेक्षा रही कि स्कूल-कालेज खुलते रहें और सरकारी नौकरी के ढोल बजते रहें। अब स्कूल-कालेज के प्रति रुझान घटा तो सरकारी नौकरी का डंका भी नई क्षमता, प्रतिस्पर्धा की नई ओज और डिग्री में रोजगार की खोज करते वे प्रदेश से बाहर निकल गए हैं। यह स्थिति आगे चलकर सरकारी शिक्षण संस्थानों को और खाली कर देगी। ऐसे में सरकारी स्कूल को औकात में रहना और औकात में चलना सीखना होगा। शिक्षा के स्तर को मापते अभिभावक न केवल सरकारी स्कूलों को दरकिनार कर रहे, बल्कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम को भी पीछे छोड़ रहे हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई में 'आपली चिकित्सा' स्वास्थ्य सेवा फिर से बाधित...

## बीएमसी पर 8 करोड़ रुपये बकाया





**मुंबई :** सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा 'आपली चिकित्सा' एक बार फिर बंद हो गई है। बीएमसी के क्लीनिक और अस्पतालों में जांच सुविधा बंद होने से मुंबई वालों को झटका लगा है, क्योंकि यह सुविधा आपला दवाखाना में निःशुल्क और उपनगरीय अस्पतालों में किफायती दर में दी जाती है। 15 दिन के भीतर यह दूसरी बार हुआ है कि जब आपली चिकित्सा पर ब्रेक लगा है। 3 दिसंबर को भी इस सेवा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया था खबर प्रकाशित करने के बाद बीएमसी ने कृष्णा डायग्नोस्टिक से सेवा जारी रखने की गुजारिश की थी। कृष्णा डायग्नोस्टिक ने 15 तारीख तक सेवा जारी रखी, लेकिन सोमवार से सेवा देने से मना कर दिया।

कृष्णा डायग्नोस्टिक की सीईओ पल्लवी जैन ने बताया कि यह बात सही है कि हमने बीएमसी के सभी केंद्रों में दी जा रही जांच सुविधा को रोकने का निर्णय लिया है। दरअसल हमें 27.52 करोड़ रुपये मूल्य के परीक्षण करने थे, जिन्हें हमने नवंबर, 2024 में पूरा कर लिया था। हमने जुलाई में ही बीएमसी के संबंधित अधिकारियों को इसके बारे में लगातार सूचित किया था, तब उन्होंने हमें सेवा जारी रखने के लिए रिक्वेस्ट की थी। हमने अंतिम तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ा दी, ताकि मरीजों को असुविधा न हो। वर्तमान में बीएमसी पर हमारी बकाया राशि 8 करोड़ रुपये है। इस मामले में एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर बिपिन शर्मा से बात की गई, तो उन्होंने डेप्युटी म्युनिसिपल कमिश्नर संजय कुरहड़े से संपर्क करने के लिए कहा। डीएमसी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया खबर लिखे जाने तक नहीं मिली।आपली चिकित्सा योजना के तहत 137 प्रकार के बेसिक और एडवांस पैथोलॉजी टेस्ट की जाते हैं। कृष्णा डायग्नोस्टिक द्वारा बीएमसी के डिस्पेंसरी, मैटरनिटी होम, उपनगरीय अस्पताल, विशेष अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों ऐसे कुल 400 से अधिक केंद्रों पर आपली चिकित्सा सेवा प्रदान की जाती है। उनके पास रोज औसतन 4000 मरीजों के सैंपल्स जांच के लिए आते हैं। जिसमें वे 35000 से 40000 विभिन्न प्रकार के टेस्ट करते हैं। एक मरीज को कई टेस्ट लिखे जाते हैं।

## पैसे डबल देने के नाम पर धोखाधड़ी



**मुंबई :** महज 15 महीने में पैसे डबल देने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को दिंडोशी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 85 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। आरोपी को घटना के लगभग एक साल बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पुलिस हिरासत में है, मामले की अधिक जांच जारी है। संबंधित मामले में तीन अन्य लोग भी फरार हैं, जिनका नाम साखी हैदर सैयद उर्फ भल्लू, अर्चना सत्येंद्र सिंह और नाजी साखी हैदर सैयद है। शिकायतक, आयात-निर्यात का कारोबार करने वाले जोगेश्वरी के व्यवसायी इशाक हुन्मिया सैयद का परिचय पांच साल पहले उनके बड़े भाई के जरिए साखी हैदर से हुआ था। स्क्रैप ट्रेडिंग का कारोबार करने वाले साखी ने समय के साथ इशाक का भरोसा जीत लिया और कारोबारी जरूरतों के लिए पैसे उधार लेकर उन्हें तुरंत चुका दिया। अक्टूबर 2019 में, सखी ने इशाक को अपनी पत्नी नाजी, अर्चना सिंह और अनवर अली से मिलवाया और दावा किया कि वे भी स्क्रैप ट्रेडिंग व्यवसाय में शामिल हैं।

## मुंबई में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस...



**मुंबई :** भारत मौसम विज्ञान विभाग की सांताक्रूज वेधशाला के अनुसार, शहर में सोमवार को और गिरकर 14 डिग्री सेल्सियस हो गया. शनिवार, 14 दिसंबर को रात का तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक था. ''हमने न्यूनतम तापमान में 18-16 डिग्री सेल्सियस के आसपास की गिरावट की भविष्यवाणी की थी. हालांकि, आने वाली उत्तरी हवाओं के कारण इतनी तेज गिरावट अप्रत्याशित थी. पूर्वी हवाओं के प्रभाव के कारण 18 दिसंबर के बाद तापमान में फिर से वृद्धि होने की संभावना है. फिलहाल, कुल तापमान में गिरावट का कारण मौजूदा मौसम पैटर्न में बदलाव माना जा सकता है,'' आईएमडी के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र मुंबई की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने कहा.

''सोमवार को हमने जिस एंटीसाइक्लोन का उल्लेख किया था, वह बना रहा और अब मध्य महाराष्ट्र तक फैल गया है, जिसके परिणामस्वरूप कम तापमान है. निश्चित रूप से वर्तमान कम तापमान की उम्मीद नहीं थी,'' वैगरीज ऑफ वेदर नामक एक निजी मौसम ब्लॉग के जलवायु विज्ञानी राजेश कपाड़िया ने कहा. मौसम प्रणाली और तापमान में गिरावट के बारे में बताते हुए, निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर के मौसम विज्ञानियों ने कहा, ''हिमालय पर बर्फबारी इस क्षेत्र में सर्दियों की शुरूआत के लिए महत्वपूर्ण है. जैसे ही पश्चिमी विक्षोभ गुजरा, बर्फ से ढके पहाड़ों से ठंडी हवाएँ उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में बहने लगीं, जिससे तापमान में भारी गिरावट आई. वर्तमान में, मुंबई और मुंबई महानगर क्षेत्र सहित पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में तापमान में काफी गिरावट आई है.

## 24 करोड़ रुपए का जीएसटी रिफंड हड़पने वाला ठग गिरफ्तार




**भिवंडी :** फर्जी लेन-देन और जाली बिलों के माध्यम से 24 करोड़ रुपए का जीएसटी रिफंड लेने वाले कर शंकर टी. चौधरी को भिवंडी जीएसटी आयुक्तालय द्वारा गिर-फ्तार किया गया है। भिवंडी केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शंकर चौधरी ने अपने आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त फर्जी बिलों के आधार पर 12.23 करोड़ रुपये का अवैध रिफंड प्राप्त किया। जांच में पाया गया कि इन लेन-देन में किसी भी वस्तु या सेवा की आपूर्ति नहीं की गई थी। इसके अलावा, चौधरी ने 11.90 करोड़ रुपये का अवैध जीएसटी रिफंड अन्य फर्मों को फर्जी बिलों के जरिए पास कर दिया। भिवंडी कार्यालय के आयुक्त के मार्गदर्शन में जांच के दौरान इन गड़बड़ियों का खुलासा हुआ, जिसके बाद शंकर चौधरी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपने अपराध की स्वीका- रोक्ति की है। आरोपी के खिलाफ केंद्रीय जीएसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। मुंबई के मुख्य महानगर दंडाधिकारी न्यायालय ने आरोपी को 27 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## बिजली चोरी के मामले में टोरेंट पावर कंपनी ने दर्ज करवाई शिकायत

**भिवंडी :** भिवंडी क्षेत्र में बिजली चोरी के बड़े मामले का खुलासा हुआ है। बिजली वितरण कंपनी टोरेंट पावर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी पर अवैध रूप से बिजली आपूर्ति जोड़कर भारी मात्रा में बिजली चोरी करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक टोरेंट पावर कंपनी के सहायक प्रबंधक प्रदीप पांडे




ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराया है कि मुर्गी मोहल्ला, गादी कारखाना के नजदीक, निजामपुर-4 में घर क्रमांक 63 के मालिक अनिस अबुबकर और परवेज मोमिन ने अवैध रूप से बिजली कनेक्शन किया है। टोरेंट पावर कंपनी की जांच टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि आरोपी ने अवैध रूप से मीटर से छेड़छाड़ कर 2 केबल जोड़कर 10/2 र०. के तार की सहायता से बिजली चोरी कर रहे है। यह कार्रवाई विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत बिजली की चोरी के नियमों का गंभीर उल्लंघन है।

# नवी मुंबई :अवैध हथियार रखने और बेचने की योजना बना रहे तीन लोग गिरफ्तार



नवी मुंबई : पुलिस ने अवैध हथियार रखने और बेचने की योजना बना रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों में दो ऑटो रिक्शा चालक किशोर धाडी और यशवंत सात्रे, और ऋषिकेश शामिल हैं. पुलिस के अनुसार, इनका एक और साथी अर्जुन जाधव फरार होने में सफल रहा है.

रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने रविवार रात क्राइम ब्रांच को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर पनवेल पुलिस थाना क्षेत्र से इन तीनों को पकड़ा है. कार्रवाई के दौरान इनके पास से दो पिस्तौल बरामद की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख रुपये है. पुलिस ने बताया कि आरोपी इन अवैध हथियारों को बेचने की योजना बना रहे थे. पुलिस अधिकारी ने कहा, 'इनके पास से दो पिस्तौल जब्त की गई हैं. इन हथियारों को बेचने के लिए इनका नेटवर्क सक्रिय था. मामले की गहराई से जांच की जा रही है.

# मुंबई :शिवसेना (UBT)ने बताया अबू आजमी की पार्टी भाजपा की 'बी टीम' की तरह काम कर रही है...



मुंबई : महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं. महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अबू आजमी द्वारा बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा ने महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों के बीच खलबली मचा दी है. अबू आजमी ने कहा है कि समाजवादी पार्टी नफरत फैलाने वालों के साथ नहीं रह सकती और बीएमसी चुनाव में अकेले लड़कर अपनी ताकत दिखाएगी.

अबू आजमी की इस घोषणा पर उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना ने कड़ा पलटवार किया है. शिवसेना (वइळ) के नेता और प्रवक्ता आनंद दुबे ने आरोप लगाया कि अबू आजमी की पार्टी भाजपा की 'बी टीम' की तरह काम कर रही है. दुबे ने कहा, 'बीजेपी को सीधे फायदा पहुंचाने के लिए समाजवादी पार्टी यह कदम उठा रही है. वे महाविकास आघाड़ी और इंडिया गठबंधन का वोट काटकर भाजपा को मजबूत करना चाहते हैं.'

दुबे ने आगे कहा कि मुंबई महानगर पालिका के चुनावों की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है, लेकिन अबू आजमी पहले ही अकेले लड़ने का ऐलान कर रहे हैं. उन्होंने कहा, 'अगर सपा को अपनी ताकत पर भरोसा है, तो वह अकेले चुनाव लड़े, लेकिन इसका मकसद साफ है खुद जीतने के बजाय महाविकास आघाड़ी को हराने का काम करना.' शिवसेना (UBT) ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से अपील की है कि अबू आजमी के खिलाफ कार्रवाई करें. शिवसेना ने कहा कि एमवीए और इंडिया गठबंधन भाजपा के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ रहे हैं, लेकिन अबू आजमी जैसे नेता अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके गठबंधन को कमजोर कर रहे हैं. शिवसेना का कहना है कि इस तरह के रवैये से गठबंधन को नुकसान होगा, जबकि इसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा. अबू आजमी ने दावा किया है कि समाजवादी पार्टी मुंबई महानगर पालिका चुनाव में स्वतंत्र रूप से प्रदर्शन करेगी और अपने दम पर सीटें जीतेगी. हालांकि, शिवसेना (वइळ) ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि सपा की महाराष्ट्र में बहुत सीमित ताकत है.

# नागपुर रैली में जेबकतरों का हमला, गैंग के 11 लोग गिरफ्तार



नागपुर : शपथ ग्रहण समारोह से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के लिए आयोजित स्वागत रैली के दौरान 30 से अधिक लोगों ने पर्स और अन्य सामान खोने की शिकायत की। एक अधिकारी ने बताया कि 31 लोगों के शिकायत करने के बाद राणा प्रताप नगर, सोनेगांव और बजाज नगर पुलिस स्टेशनों में अज्ञात जेबकतरों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि हमने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो अहिल्यानगर से एक गिरोह का हिस्सा हैं। उन्होंने कथित तौर पर नकदी, मोबाइल फोन, सोने की चेन आदि चुराए हैं।

# पोर्नोग्राफी केस में ईडी ने अभिनेत्री गहना वशिष्ठ से की तीसरी बार पूछताछ



मुंबई : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को राज कुंद्रा और अन्य से जुड़े पोर्नोग्राफी मामले में अभिनेत्री गहना वशिष्ठ से पूछताछ जारी रखी। वशिष्ठ वर्तमान में पोर्नोग्राफी बनाने और वितरित करने से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में एजेंसी की जांच के दायरे में हैं. मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में ईडी ने उनसे पहले कई घंटों तक पूछताछ की थी. यह मामला व्यवसायी राज कुंद्रा से जुड़ा है। 10 दिसंबर को अभिनेत्री गहना वशिष्ठ पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष

पेश हुईं. सूत्रों ने कहा कि ईडी इस बात की जांच कर रही है कि वशिष्ठ को मिले भुगतान कथित पोर्नोग्राफी रैकेट के जरिए चलाए जा रहे बड़े मनी लॉन्ड्रिंग ऑपरेशन का हिस्सा तो नहीं थे. 9 दिसंबर को सात घंटे तक पूछताछ की गई वशिष्ठ 10 दिसंबर को आगे की पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय लौटीं. पूछताछ के दूसरे दिन गहना से करीब छह घंटे तक पूछताछ की गई, इस दौरान अधिकारियों ने उनका बयान भी दर्ज किया और जरूरत पड़ने पर उन्हें फिर से पेश होने को कहा। पूछताछ के बाद प्रेस से बात करते हुए गहना ने कहा कि ईडी अधिकारियों को अभी तक उनके मोबाइल से डेटा नहीं मिला है और इसीलिए उन्हें बार-बार तलब किया जा रहा है. ईडी कुंद्रा के बहनोई प्रदीप बख्शी के स्वामित्व वाली लंदन स्थित कंपनी केनरिन लिमिटेड द्वारा उन्हें किए गए भुगतान की जांच कर रही है।

# मरीजों को दी गई नकली दवाइयां...

## औषधि प्रशासन की कार्रवाई में एक करोड़ 85 लाख की नकली दवाइयां जब्त!



ठाणे : भिवंडी शहर में मरीजों को नकली दवाइयां बेचे जाने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। औषधि प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक करोड़ 85 लाख रुपये मूल्य की नकली एंटीबायो- टिक दवाइयों का भंडार जब्त किया है। इस मामले में नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्राथमिक जांच में अंतरराज्यीय गिरोह की संलिप्तता का संदेह जताया जा रहा है और औषधि प्र- शासन इस दिशा में जांच कर रहा है। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में नकली दवाइयों के मामलों में तेजी देखी गई है, जिसमें अब तक आठ मामले दर्ज हो चुके हैं। यह भी खुलासा हुआ है कि नकली दवाइयां सरकारी अस्पतालों में भी बेची गई हैं। भिवंडी स्थित एक गोदाम में बड़ी मात्रा में नकली दवाइयों का भंडार होने की जानकारी औषधि प्रशासन को मिली थी। इसके बाद प्रशासन की टीम ने कार्रवाई कर इन दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाई और उनके नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। जांच में दवाइयों को नकली पाए जाने के बाद प्रशासन ने गोदाम से यह पूरा भंडार जब्त कर लिया। औषधि प्रशासन की शिकायत के आधार पर नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। शुरूआती जांच में यह भी पता चला है कि इन नकली दवाइयों की बिक्री मरीजों तक पहुंच चुकी है।

# 170 करोड़ की लागत से बने इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी...

नवी मुंबई : नवी मुंबई के खड़गपुर में 12 साल की मेहनत के बाद भव्य इस्कोन मंदिर बनकर तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने 15 तारीख को इस मंदिर का उद्घाटन करने वाले हैं। मंदिर का नाम राधा मदनमोहनजी मंदिर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक इस मंदिर के निर्माण में 170 करोड़ रुपये का खर्च आया है। मंदिर के ट्रस्टी और अध्यक्ष सूरदास प्रभु ने कहा कि आधुनिक समय में यह मंदिर बड़ा आध्यात्मिक केंद्र बनने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां कल्चरल सेंटर और वैदिक संग्रहालय का भी शिलान्यास करेंगे। इसमें भारत की महान संस्कृति की छवि देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण



के दौरान भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर देखने आ चुके हैं। 12 अक्टूबर को नवी मुंबई दौरे के समय वह यहां आए थे। उन्होंने कहा कि नवी मुंबई में हरियाली के बीच यह मंदिर बहुत बहुत भव्य नजर आता है। मंदिर के उद्घाटन का कार्यक्रम 9 जनवरी से ही शुरू हो जाएगा। इसके बाद यह कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा। 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। मंदिर की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक मकर संक्रांति के मौके पर इसका उद्घाटन किया जाना है। इस मंदिर में भक्तिवेदंत कॉलेज ऑफ वैदिक एजुकेशन, एक लाइब्रेरी, आयुर्वेदिक हीलिंग सेंटर, गौशाला, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आश्रम, जैविक खेत भी होंगे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार भी शामिल हो सकते हैं। एक सप्ताह के कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक सेमिनार, भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इस मंदिर में दशावतार की मूर्तियां भी स्थापित की गई हैं।

# स्काईवॉक से युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मुंबई : घाटकोपर में मनपा के एन-डिवीजन कार्यालय के सामने स्थित स्काईवॉक से एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाए जाने की दुखद घटना सामने आई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पंत नगर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बु लेंस सेवाएँ तुरंत मौके पर पहुंच गईं। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना सोमवार दोपहर की है, जब स्काईवॉक पर लोगों ने एक व्यक्ति को फांसी पर लटका हुआ देखा। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पंत नगर पुलिस स्टेशन से पुलिसकर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे, उनके साथ फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें भी वहां पहुंचीं। शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया. अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जाँच जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आत्महत्या के पीछे की वजह क्या हो सकती है।

## हाउसिंग सोसाइटी के चेयरमैन को कार की बोनट पर घसीटा



**ठाणे :** ठाणे जिले में विवाद के बाद एक हाउसिंग सोसाइटी के चेयरमैन को कार की बोनट पर घसीटने की घटना सामने आई है. इससे चेयरमैन को चोटें भी आई हैं. पुलिस ने सोमवार को घटना की पुष्टि की है. जानकारी के मुताबिक यह घटना शिलफाटा क्षेत्र के पाडले गांव में हुई. पुलिस के अनुसार, इस मामले में भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के तहत एफआ ईआर दर्ज की गई है. इसमें धारा 281 (लापरवाह ड्राइविंग) और धारा 125 (ए) (3) (ऐसा कृत्य जो जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालता हो) शामिल हैं. घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सोसाइटी में एक बैठक चल रही थी.

# कल्याण-डोंबिवली में आवारा कुत्तों के हमले

## जनवरी से अक्टूबर तक 18,705 लोग शिकार... कुत्ते के काटने से युवक की मौत

**मुंबई :** कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग्स के हमलों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। मनपा के अनुसार, जनवरी से अक्टूबर तक 18,705 लोग स्ट्रीट डॉग्स के हमलों के शिकार हुए हैं। पिछले हफ्ते कल्याण में एक युवक की स्ट्रीट डॉग के काटने से मौत हो गई थी। इससे मनपा क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग्स के बढ़ते खौफ पर लोगों ने चिंता जाहिर की है। लोगों का कहना है कि कई इलाके ऐसे हैं, जहां रात के वक्त पैदल या फिर दोपहिया वाहन से चलना मुश्किल हो गया है। लोग स्ट्रीट डॉग्स के कारण डरते हुए सड़कों से गुजरते हैं।



कुछ दिन पहले केडीएमसी क्षेत्र में आने वाले टिटवाला में एक महिला पर आवारा स्ट्रीट डॉग्स ने जानलेवा हमला कर दिया था। स्ट्रीट डॉग्स उसे करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गए। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी।

बुजुर्ग महिला को मुंबई के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसका अब भी इलाज जारी है। इसके बाद कल्याण के बेतुरकर पाडा इलाके में 8 साल के बच्चे को स्ट्रीट डॉग ने काट लिया। पिछले हफ्ते 28 वर्षीय युवक जिस युवक को स्ट्रीट डॉग ने काटा था, उसके बाद उसे बिल्ली ने भी काट लिया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। इन घटनाओं के कारण कल्याण-डोंबिवली में स्ट्रीट डॉग्स के मुद्दे पर स्थानीय लोग मनपा प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।

केडीएमसी के आरोग्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस साल जनवरी से अक्टूबर महीने तक 18,705 लोगों पर स्ट्रीट डॉग्स ने हमला किया है। 8 महीने में उनके विभाग ने 12,406 आवारा स्ट्रीट डॉग्स की नसबंदी और टीकाकरण किए हैं। आंकड़ों से पता चला है कि शहर में हर महीने लगभग दो हजार लोग स्ट्रीट डॉग्स के हमलों के शिकार हो रहे हैं।

# मुंबई : माटुंगा पुलिस ने किया मानव तस्करी नेटवर्क का खुलासा...



**मुंबई :** माटुंगा पुलिस ने महज चार दिनों में एक त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बच्ची को सफलतापूर्वक बचाया, जिसे उसकी मां ने 1 लाख रुपये में बेचा था। जांच में एक महिला मानव तस्करी नेटवर्क का भी पता चला, जिसे नौ लोग मिलकर चला रहे थे। यह मामला चार दिन पहले तब प्रकाश में आया, जब पुलिस को एक महिला द्वारा अपनी एक महीने की बेटी को कथित तौर पर 1 लाख रुपये में बेचने की सूचना मिली। अधिकारियों के अनुसार, दंपति बच्ची के साथ दादर के तिलक ब्रिज के नीचे झुग्गियों में रहते थे। जांच से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'पति को एक छोटे से अपराध के लिए गिरफ्तार किए जाने के बाद, परिवार को उसकी नकद जमानत की व्यवस्था करने के लिए पैसे की जरूरत थी। हताशा में मां ने बच्ची को बेचने का फैसला किया और खरीदार 1 लाख रुपये देने के लिए सहमत हो गया।'

जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, पुलिस को अपराध में शामिल व्यक्तियों के एक व्यापक नेटवर्क का पता चला। इसकी शुरुआत मुंबई की एक महिला से हुई, जिसका काम महाराष्ट्र के कई हिस्सों में फैला हुआ था। इसमें सांगली, कोल्हापुर, गुजरात और कर्नाटक शामिल थे। इस गिरोह में इन क्षेत्रों में काम करने वाली कई महिलाएं शामिल थीं।

जांच में अहम भूमिका निभाने वाली जोन 4 की पुलिस उपायुक्त रागसुधा आर ने मिड डे से कहा, 'बच्ची को कर्नाटक से बचाया गया था। हम गिरफ्तार की गई और अदालत द्वारा पुलिस हिरासत में भेजी गई 9 महिलाओं से पूछताछ करके आगे की जांच कर रहे हैं।' हालांकि, पुलिस सूत्रों ने खुलासा किया कि नौ महिलाओं के पास कई राज्यों से तस्करी करके लाए गए बच्चों, किशोरों और वयस्कों की एक लंबी सूची है। सूत्रों के अनुसार कुछ मानव तस्करी गिरोहों के विपरीत, जो निःसंतान दंपतियों को बच्चे बेचते हैं, यह नेटवर्क कथित तौर पर पीड़ितों को वेश्यावृत्ति, भीख मांगने और अन्य शोषणकारी गतिविधियों में धकेलने में शामिल है। अधिकारियों के अनुसार, इनमें लड़कियों को पालने के लिए तैयार नहीं होने वाले गरीब परिवार, विकलांग बच्चे और विवाहेतर संबंध से पैदा हुए बच्चे उनके निशाने में होते थे। गिरोह की दर सूची के अनुसार, बच्चों की कीमतें उनके रंग और शारीरिक विशेषताओं के आधार पर अलग-अलग होती है। गोरे रंग के शिशुओं के लिए कीमत 4 से 5 लाख रुपये तक होती है, जबकि सांवले रंग वाले बच्चों की कीमत 2 से 3 लाख रुपये के बीच होती है।

# बेस्ट बस हादसों को रोकने के लिए करेंगे उपाय... मुख्यमंत्री ने विधान परिषद में दी जानकारी



**नागपुर :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में कहा कि मुंबई में बेस्ट बस की दुर्घटना गंभीर है और राज्य सरकार ने इसका संज्ञान लिया है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। विधान परिषद में नियम 289 के तहत सदस्य सुनील शिंदे के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि बेस्ट बस दुर्घटना मामले में ड्राइवर की जांच की गई है। इस घटना के बाद औचक निरीक्षण शुरू कर दिया गया है। बेस्ट ने 1300 नई बसों की मांग की है, जिन्हें जल्द की बेस्ट के बेडे में शामिल किया जाएगा। मुंबई मनपा आयुक्त को बेस्ट बसों की वस्तुस्थिति जानकर उपाय करने के लिए बेस्ट प्रमुख से चर्चा कर एक योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

बता दें कि 9 दिसंबर की रात को बेस्ट की एक बस ने अनियंत्रित होकर सड़क पर कई लोगों को और गाड़ियों को कुचल दिया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई थी और 40 लोग घायल हो गए थे। हादसे के बाद ड्राइवर फरार हो गया था। हालांकि कुछ समय में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# मुंबई में मोटरसाइकिल की टक्कर से बुजुर्ग घायल




**मुंबई :** मुंबई के अंधेरी (पूर्व) इलाके में एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने 78 वर्षीय एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। विले पार्ले पुलिस स्टेशन के अधिकारी के अनुसार, घायल की पहचान मांगीलाल कोठारी के रूप में हुई है। मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें उस समय टक्कर मार दी जब वह कोल डोंगरी इलाके में सड़क पार कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल चालक मौके से भाग गया। अधिकारी ने बताया कि मांगीलाल कोठारी को सिर, बाएं पैर, दाहिने हाथ और दाहिने कान पर चोटें आईं। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ठाणे : मोबाइल फोन चलाने पर मां ने डांटा तो खाड़ी में कूदी किशोरी, शव मिला



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मां की डांट से नाराज होकर 15 वर्षीय किशोरी अपना घर छोड़कर चली गई और एक पुल से खाड़ी में कूद गई। नौ दिनों के बाद उसका शव एक नाले के पास पड़ा मिला। घटना डोंबिवली इलाके की है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि किशोरी मोबाइल फोन पर अत्यधिक समय बिता रही थी। पांच दिसंबर को उसकी मां ने उसे डांटा और पढ़ाई पर ध्यान देने को कहा, तो गुस्से में वह घर से ही निकल गई। विष्णु नगर थाने के अधिकारी ने बताया कि जब उसकी खोजबीन की गई तो वह कहीं नहीं मिली और परिजनों ने अगले दिन उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

# ठाणे : एंटी नारकोटिक्स इन एक्शन... दो अलग अलग मामलों में लगभग 11 लाख के अम्लीय पदार्थ जब्त !

**ठाणे :** ठाणे पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने हाल ही में दो अलग- अलग मामलों में नशीले पदार्थों की बड़ी खेप जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन मामलों में लाखों रुपये की नशीली सामग्री और प्रतिबंधित दवाएं शामिल हैं। पहले मामले में 11 दिसंबर 2024 को खडिंगगांव इलाके में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारा। यहां मोहम्मद अब्दुल रहमान सैयद उर्फ नोडी को 60.3 ग्राम मेफेड्रिन (एमडी) के साथ गिरफ्तार किया गया। इस नशीले पदार्थ की बाजार



में कीमत लगभग 7,43,220 रुपये आंकी गई है। आरोपी पर एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8 (सी) और 22 (सी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी हिरासत रिमांड 16 दिसंबर तक प्राप्त की है। मामले में आगे की जांच जारी है, और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी ने यह पदार्थ कहां से प्राप्त किया और क्या उसके पास और स्टॉक है।

दूसरे मामले में, 12 दिसंबर को दायघर इलाके में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने नवाज शमशादीन पावले नामक व्यक्ति को कुल 720 बोतल कोडीन कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया। इस प्रतिबंधित दवा की बाजार में कीमत 3,63,000 रुपये बताई जा रही है। नवाज को शील डायघर पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधि- नियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि ये दवाएं उसे कहां से मिलीं और क्या इस मामले में कोई अन्य व्यक्तिब भी शामिल है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com